प्रादेशिक समाचार
दिनांक – 18.02.2026 (संध्या–1900 बजे)
मुख्य समाचार

1. **विधानसभा के बजट सत्र के पहले दिन राज्यपाल ने पेश किया सरकार की उपलब्धियों का रिपोर्ट कार्ड, शोक प्रस्ताव के बाद कार्यवाही कल दिन के 11 बजे तक के लिए स्थगित।**
2. **मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा– राज्य की सवा तीन करोड़ जनता की उम्मीदों के अनुरूप बजट लाने के लिए सरकार तैयार, विपक्ष से सार्थक चर्चा के लिए मांगा सहयोग।**
3. **राज्य में नगर निकाय चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मी तेज, भाजपा और झामुमो ने पार्टी समर्थित उम्मीदवारों की जीत का किया दावा, प्रशासनिक गतिविधियां भी तेज।**
4. **घटिया निर्माण के कारण पुलों के टूटने पर झारखंड हाईकोर्ट सख्त, ग्रामीण विकास सचिव को 24 फरवरी तक शपथ पत्र दाखिल करने का दिया अंतिम मौका।**
5. **नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में बना गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड, 24 घंटे में ढाई लाख से ज्यादा लोगों ने ली एआई जिम्मेदारी अभियान की शपथ।**

****

झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के पहले दिन राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने सरकार की उपलब्धियों का रिपोर्ट कार्ड पेश किया। उन्होंने कानून–व्यवस्था, साइबर अपराध नियंत्रण और उग्रवाद उन्मूलन को सरकार की प्राथमिकता बताया।
राज्यपाल के अभिभाषण के बाद विधानसभा अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो ने सदन में शोक प्रस्ताव रखा। इसमें राजनीति, कला और उद्योग जगत की दिवंगत हस्तियों तथा विभिन्न दुर्घटनाओं के मृतकों को श्रद्धांजलि दी गई। इसके बाद सदन की कार्यवाही कल सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई।

****

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बजट सत्र के पहले दिन की कार्यवाही के बाद मीडिया से कहा कि सरकार राज्य की सवा तीन करोड़ जनता की उम्मीदों के अनुरूप बजट लाने के लिए तैयार है। उन्होंने विपक्ष से सदन की गरिमा बनाए रखते हुए सार्थक चर्चा में सहयोग मांगा।

****

बोकारो जिले के चास नगर निगम चुनाव के लिए भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह ने महापौर प्रत्याशी अविनाश कुमार के पक्ष में कार्यकर्ताओं को प्रेरित किया। बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में श्री सिंह ने आरोप लगाया कि चुनाव को प्रभावित करने के उद्देश्य से राज्य सरकार बैलेट पेपर से मतदान करा रही है।

****

उधर, गिरिडीह में केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने मेयर प्रत्याशी डॉ. शैलेंद्र चौधरी के समर्थन में महिला सम्मेलन को संबोधित किया। उन्होंने राज्य सरकार पर बैलेट पेपर के जरिए चुनाव प्रभावित करने का आरोप लगाते हुए अधिकारियों से निष्पक्षता की अपील की।

****

उधर धनबाद में झामुमो सचेतक मथुरा महतो और मंत्री हफीजुल हसन ने पार्टी समर्थित प्रत्याशी चंद्रशेखर अग्रवाल के समर्थन में चुनाव प्रचार तेज कर दिया है। उन्होंने अग्रवाल के पिछले कार्यकाल के कार्यों की सराहना करते हुए दावा किया कि जनता विकास के आधार पर उन्हें फिर से मौका देगी।

****

साहिबगंज जिले के तीन नगर निकायों साहिबगंज, राजमहल और बरहरवा में 23 फरवरी को होने वाले मतदान को लेकर राजनीतिक और प्रशासनिक गतिविधियां तेज हो गयी हैं। और जानकारी के साथ हमारे संवाददाता–

****

रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने बोर्ड परीक्षाओं के मद्देनजर स्कूलों और परीक्षा केंद्रों के आसपास ध्वनि प्रदूषण पर डीजे और लाउडस्पीकर के इस्तेमाल पर रोक लगाने का सख्त आदेश दिया है। उन्होंने उल्लंघन करने वालों पर जुर्मानों और जब्ती की कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

****

रांची स्थित सरला बिरला विश्वविद्यालय का आज तीसरा दीक्षांत समारोह संपन्न हुआ, जिसमें राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार मुख्य अतिथि के रुप में शामिल हुए। इस दौरान राज्यपाल ने विद्यार्थियों को उपाधि और मेडल देकर सम्मानित किया। मौके पर इसरो चेयरमैन डॉ. वी. नारायणन और पद्मश्री पूर्णिमा महतो सहित चार विभूतियों को मानद डॉक्टरेट प्रदान की गयी।

****

झारखंड हाईकोर्ट ने घटिया निर्माण के कारण पुलों के टूटने पर सख्त रुख अपनाया है। मुख्य न्यायाधीश एम. एस. सोनक की खंडपीठ ने ग्रामीण विकास सचिव को 24 फरवरी तक शपथ पत्र दाखिल करने का अंतिम मौका दिया है। जवाब न देने पर सचिव को निजी कोष से 10 हजार रुपये जुर्माना भरना होगा।

****

रामगढ़ पुलिस ने गोला में एक ज्वेलरी दुकान में हुई लूट का खुलासा करते हुए चार शातिर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। एसपी अजय कुमार ने बताया कि एसआईटी ने छापेमारी कर लूटे गए जेवर, हथियार, कार और बुलेट बरामद कर ली है।

****

इंडिया एआई और इंटेल इंडिया ने **एआई** जिम्मेदारी अभियान के अंतर्गत 24 घंटे में ढाई लाख से अधिक छात्रों ने संकल्प लेकर विश्व रिकॉर्ड बनाया। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि यह उपलब्धि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृष्टिकोण को दर्शाती है।

****

राज्य में मौसम मुख्य रूप से शुष्क और साफ बना हुआ है। जमशेदपुर, चाईबासा और पलामू जैसे जिलों में पारा 31 डिग्री से 32 दशमलव 8 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच चुका है। 19 फरवरी तक मौसम के स्थिर रहने का पूर्वानुमान है।

****

रांची के सीएमपीडीआई खेल मैदान में तीन दिवसीय अंतर क्षेत्रीय संस्थान एथलेटिक्स टूर्नामेंट का आज समापन हो गया। इस दौरान विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया।

****